	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर **Indian Institute of Technology Bhubaneswar**

Press Release

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर आईआईटी भुवनेश्वर ने किया वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन

भुवनेश्वर, 5 जून 2024: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने स्वच्छ और हरित पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, इस वर्ष की थीम, 'लैंड रेस्ट्रोरेशन, स्टोपिंग डिसर्टिफिकेशन एंड बिल्डिंग ड्रोट रेसिलेंस' के अनुरूप विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर महत्वपूर्ण बनाने के लिए, संस्थान ने परिसर में एक वृहद वृक्षारोपण अभियान शुरू किया और तकरीबन 100 एवेन्यू फल देने वाले और फूल वाले पौधे लगाए।

आईआईटी भुवनेश्वर के कुलसचिव श्री बामदेव आचार्य ने इस वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में, आधारीय विज्ञान विद्यापीठ के प्रमुख, प्रोफेसर राजन झा, डॉ. श्रीकांत पात्रा, प्राध्यापक-प्रभारी-बागवानी, डॉ. ताराकांत नायक, डॉ. अविजीत कुमार और संस्थान के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने इस अभियान में भाग लिया और वृक्षारोपण किया। उल्लेखनीय है कि यह एक वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत है, जिसका लक्ष्य आने वाले दिनों में लगभग 1000 पौधे लगाना है। संस्थान के बागवानी विशेषज्ञ श्री कामिरेड्डी विश्वेश्वर रेड्डी ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।

यहाँ यह भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि लगभग 4 किमी वर्ग क्षेत्र में फैला आईआईटी भुवनेश्वर परिसर 50,000 से अधिक सदाबहार और पर्णपाती फूलों और फलों के पेड़ों का बसेरा है। संस्थान ने परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा रखने की दिशा में भी कई पहल की है। आईआईटी भुवनेश्वर इस स्थान को शिक्षा और बुद्धि के केंद्र में बदलने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करते हुए इस जगह के प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। पिछले दो शैक्षणिक वर्षों से, संस्थान ने छात्रों के बीच 'साइक्लिंग संस्कृति' को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिससे उनमें स्वास्थ्य और फिटनेस दोनों के साथ-साथ अपने आसपास की प्रकृति का पोषण करने की चेतना पैदा हुई है। परिसर के अंदर ई-रिक्शा सेवा भी शुरू की गई है, जो छात्रों और निवासियों के लिए परिवहन का एक पर्यावरण-अनुकूल साधन प्रदान करती है।